संख्या- 65/2021 / 574 /71-1002(002)/20/2021

प्रेषक

एस0 पी0 सिंह,
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ: दिनॉक 25 मार्च, 2021

विषयः- वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज एवं जालौन में मानक मद-41-भोजन पर व्यय में पुनर्विनियोग किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई/बजट/2020-21/55, दिनॉक 02-02-2021 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में मेडिकल कालेज, कन्नौज के मानक मद-01-वेतन में रू0 25.00 लाख की हो रही बचत को मेडिकल कालेज, कन्नौज में मानक मद-41-भोजन पर व्यय में रू0 15.00 (रू0 पन्द्रह लाख मात्र) तथा मेडिकल कालेज, जालौन में मानक मद-41 भोजन पर व्यय में रू0 10.00 (रू0 दस लाख मात्र) कुल रू0 25.00 लाख (रू0 पच्चीस लाख मात्र) का पुनर्विनियोग कर व्यय किये जाने की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है:-

1- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 24.03.2020 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- पुनर्विनियोग के माध्यम से स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 24.03.2020 एवं शासनादेश दिनॉक 11.04.2020, 18.05.2020 तथा 29.09.2020 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- जिस मद से धनराशि संक्रमित की जा रही हे, में बचत की उपलब्धता का दायित्व महानिदेशक का होगा।

5- जिस मद से धनराशि संक्रमित की जा रही है, में चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में अतिरिक्त धनराशि की मांग नहीं की जायेगी।

6- जिस मद में पुनर्विनियोग किया जा रहा है, उसका उपयोग चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में कर लिया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

7- स्वीकृत की जा रही धनराशि पी0एल0ए0 अथवा बैंक खाते में नहीं रखी जायेगी।

2- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83 के अधीन वेतनादि सुसंगत लेखाशीर्षक के नामे डाला जायेगा तथा संलग्न बी0एम0-9(1) के स्तम्भ-1 में उल्लिखित लेखाशीर्षक में हो रही बचतों से वहन किया जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-369/दस-2021, दिनॉक 16 मार्च, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्नक:-यथोक्त।

भवदीय

(एस0 पी0 सिंह)

अनु सचिव।

संख्या:- 65/2021/574 (1)/71-1-2021 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज, जालौन।
4- वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, कन्नौज, जालौन।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कन्नौज, जालौन।
6- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(एस0 पी0 सिंह)

अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

प्रपत्र-9(I) (संदर्भः बजट मैनुअल का प्रस्तर-158) (इस पत्र को भरने से पूर्व पीछे छपे अनुदेशों को भली-भॉति देख लिया जाये)

अनुदान संख्या-83-चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण		वित्तीय वर्ष 2020-21		प्रपत्र-बी0एम0-9	(रू0 लाख में)
निम्नलिखित निधियों से प्रस्तावित संक्रमण				वित्त विभाग द्वारा भरा जायेगा	
लेखा शीर्ष (15 डिजिट कोड में) राजस्व	आवेदन पत्र देने के दि0 उपलब्ध अनुदान/ विनियोग	आवेदन पत्र देने के दि0 पर उपलब्ध बचत	संक्रमित की जाने वाली धनराशि	वित्त विभाग द्वारा संक्रमण हेतु अनुमोदित धनराशि	संक्रमण के पश्चात शेष अनुदान/विनियोग (2-5)
1	2	3	4	5	6
2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-03-शिक्षा-					
01-राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, कन्नौज -					
01-(वेतन)	**3400.00**	**25.00**	**25.00**	**25.00**	**3375.00**
योग-	**3400.00**	**25.00**	**25.00**	**25.00**	**3375.00**

निम्नलिखित निधियों से प्रस्तावित संक्रमण				वित्त विभाग द्वारा भरा जायेगा	
लेखा शीर्ष (15 डिजिट में) राजस्व	वित्तीय वर्ष के लिए उपलब्ध अनुदान/ विनियोग	वित्तीय वर्ष में प्रत्याशित कुल व्यय	संक्रमण हेतु प्रस्तावित धनराशि (9-8)	वित्त विभाग द्वारा अनुमोदित संक्रमण की धनराशि	संक्रमण के पश्चात उपलब्ध अनुदान/ विनियोग (8 + 11)
7	8	9	10	11	12
2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-789-अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना, 03-शिक्षा-					
01-राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, कन्नौज -					
41- भोजन पर व्यय-	**40.00**	**55.00**	**15.00**	**15.00**	**55.00**
02-राजकीय मेडिकल कालेज,, ठरई जालौन-					
41- भोजन पर व्यय	**18.75**	**28.75**	**10.00**	**10.00**	**28.75**
कुल योग-	**58.75**	**83.75**	**25.00**	**25.00**	**83.75**

1- स्तम्भ-3 में उपलब्ध बचत का कारण निम्नानुसार है:-

वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-83 के अन्तर्गत राजस्व पक्ष में मानक मद-01- वेतन के अन्तर्गत राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, कन्नौज में रू0 25.00 लाख की बचत संभावित है।

2- स्तम्भ-8 में उल्लिखित उपलब्ध अनुदान के सापेक्ष स्तम्भ-9 में अंकित अधिक व्यय निम्नलिखित कारणों से है:-

प्रधानाचार्य, राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, कन्नौज एवं जालौन ने अपने मांग पत्रों द्वारा अवगत कराया गया है कि मानक मद-41 भोजन पर व्यय में क्रमशः रू0 15.00 लाख एवं रू0 10.00 लाख कुल रू0 25.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है।

3- प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त पुनर्विनियोग में उत्तर प्रदेश बजट मैनुअल के प्रस्तर-150 एवं 151 में निर्दिष्ट प्रतिबन्धों/परिसीमाओं का उल्लघंन नहीं होता है।

संख्या-आर0ई0-544/ई-3-369/दस-2021 दिनॉक 16.03.2021

सेवा में-

महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद

(एस0 पी0 सिंह)
अनु सचिव
चिकित्सा शिक्षा विभाग

(पवित्र कुमार)
संयुक्त सचिव
वित्त विभाग

संख्या- 65/2021 /57Y/71-1-2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः-

1- संबंधित विभागाध्यक्ष (नियंत्रक अधिकारी)
2- कोषाधिकारी, कन्नौज तथा जालौन ।
3- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 (तीन प्रतियों में)
5- गार्ड फाइल।

(एस0 पी0 सिंह),
अनु सचिव